समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# भारत के खिलाफ सीरीज के बीच इंग्लैडं ने बदला कप्तान, टैमी ब्यूमोंट को मिली टीम की कमान।

Publisher

Published on 05 Jul 2025



## भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच इंग्लैडं महिला टीम ने बदला कप्तान, चोटिल नैट साइवर ब्रंट की जगह टैमी ब्यूमोंट को सौंपी गई कमान।

**नई दिल्ली : भारत और इंग्लैडं महिला क्रिकेट** टीम के बीच चल रही टी20 सीरीज के बीच बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड की नियमित कप्तान **नैट साइवर ब्रंट (Natalie Sciver-Brunt)** ग्रोइन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह टीम की कप्तानी अब अनुभवी बल्लेबाज **टैमी ब्यूमोंट (Tammy Beaumont)** संभालेंगी।

**इंग्लैडं एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB)** ने शनिवार को इस बारे में आधिकारिक घोषणा की। **नैट सीवर ब्रंट** पहले ही तीसरे **टी20 मैच** से बाहर थीं और अब वह आगामी दो मैचों में भी नहीं खेलेंगी।

**दूसरे मैच मे लगी थी चोट**
**नैट साइवर ब्रंट** को दूसरे **टी20 मुकाबले** के दौरान चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने शुरुआती दो मैचों में गेंदबाजी नहीं की थी और केवल बल्लेबाजी की जिम्मेदारी निभाई थी। पहले मैच में उन्होंने शानदार 66 रन बनाए थे, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में वे महज 13 रन ही बना सकीं और इस दौरान चोटिल हो गईं।

तीसरे टी20 मैच में उनकी जगह टैमी ब्यूमोंट ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली और इंग्लैंड ने भारत को 5 रनों से हराकर सीरीज में पहली जीत दर्ज की।

**अब ब्यूमोंट ही करेगी कप्तानी**

**ECB** ने पुष्टि की है कि अब सीरीज के बचे हुए दोनों मुकाबलों में टैमी ब्यूमोंट ही टीम की कप्तान होंगी। इसके अलावा नैट साइवर ब्रंट की जगह टीम में **माइया बाउचर (Maia Bouchier)** को शामिल किया गया है, जो एक युवा और होनहार बल्लेबाज हैं।

ब्यूमोंट के कप्तानी संभालते ही इंग्लैंड की टीम ने तीसरे **टी20** में जीत हासिल कर ली, जिससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। अब वह बाकी बचे मैचों में भी इसी लय को बनाए रखना चाहेंगी।

### भारत अभी भी सीरीज मे आंगे

तीसरे मैच में हार के बावजूद **भारतीय महिला क्रिकेट** टीम पांच मैचों की **टी20 सीरीज** में अभी भी 2-1 से आगे है।

### अब तक के मैचों का हाल :

१. **पहला मैच :** भारत ने 97 रनों से जीता।
२. **दूसरा मैच :** भारत ने 24 रनों से जीत दर्ज की।
३. **तीसरा मैच :** इंग्लैंड ने 5 रनों से जीत हासिल की।

टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला **9 जुलाई 2025** को खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी, जबकि इंग्लैंड की नजरें बराबरी हासिल करने पर होंगी।

### क्या कहता है यह बदलाव ?

नैट साइवर ब्रंट के बाहर होने से इंग्लैंड की बैटिंग लाइनअप में थोड़ा असंतुलन जरूर आया है, लेकिन टैमी ब्यूमोंट जैसी अनुभवी खिलाड़ी के पास टीम को लीड करने का अच्छा अनुभव है। ब्यूमोंट के पास मौका है कि वह इंग्लैंड को सीरीज में वापसी कराएं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.